फर्द अहकाम

(नियम 26)

अज अदालत-उपखण्ड अधिकारी जहाजपुर जिला शाहपुरा

उगमा पुत्र जेता मीणा निवासी मैंलवा वगैरह

बनाम

सोजी उर्फ सेवा पुत्र पन्ना मीणा निवासी बाग की झूपड़िया वगैरह

किस्म मुकदमा प्रा. पत्र 111,128 एल.आर.ए. मुकदमा नंबर 43 /2024

तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स अज	नम्बर व तारीख अहकाम जो हुक्म की तामील में जारी हुये
03-04-24	प्रार्थना पत्र सिगे से बाद जांच रिपोर्ट पेश हुआ। प्रकरण दर्ज रजिस्टर किया गया। प्रार्थी ने जरिये अभिभाषक प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर निवेदन किया है कि मेरे एकल/संयुक्त खाते की भूमि ग्राम मैंलवा प.ह. किशनगढ़ आराजी सं. 142, 105, 110, 139 कुल किता 04 रकबा 1.2060 हेक्टेयर भूमि स्थित है। अप्रार्थीगण उक्त वर्णित कृषि आराजी के पड़ौसी है। अप्रार्थीगण से सीमा विवाद होने के कारण पत्थरगढ़ी करवाये जाने की आवश्यकता है, अतः उक्त आराजी की पत्थरगढ़ी के आदेश प्रदान किये जावें। प्रार्थना पत्र की ताईद में प्रार्थी का शपथ पत्र संलग्न है। मैंने पत्रावली का अवलोकन किया सुयोग्य अभिभाषक/प्रार्थी की एक पक्षीय बहस सुनी। पत्रावली के साथ संलग्न नकल जमाबंदी संवत 2075 से 2078 तक के अवलोकन से स्पष्ट है कि प्रार्थी पत्थरगढ़ी हेतु आवेदन की गई भूमि का खातेदार है। प्रार्थी द्वारा अप्रार्थीगण के साथ सीमा विवाद होना बताया है, अतः न्यायालय पत्थरगढ़ी किया जाना उचित समझता है। ग्राम मैंलवा प.ह. किशनगढ़ आराजी सं. 142, 105, 110, 139 कुल किता 04 रकबा 1.2060 हेक्टेयर भूमि की उभयपक्षों की उपस्थिती में पत्थरगढ़ी करने हेतु भू- अभिलेख निरीक्षक खजूरी को कमीश्नर नियुक्त किया जाता है। कमीश्नर फीस 1000 रूपये तय किंए जाते हैं जो प्रार्थी मौके पर अदा करेगा, उनमें से 100 रूपये राजकोष में जमा करावे। **पत्थरगढ़ी के दौरान किसी भी पक्ष के कब्जे को प्रभावित नहीं किया** जावें। पालना हेतु तहसीलदार जहाजपुर को लिखा जावें। **तहसीलदार जहाजपुर को प्रतिवादीगणो को जरिये नोटिस / समन भेजकर उभयपक्ष की उपस्थिति में पत्थरगढ़ी के आदेश दिये जाते है।** पालना रिपोर्ट शीघ्र प्रस्तुत करें। आदेश आज दिनांक 03/04/2024 को खुले न्यायालय में सुनाया गया। उपखण्ड अधिकारी जहाजपुर (शाहपुरा)	

Scanned with CamScanner

राजस्थान-सरकार

कार्यालय उपखण्ड अधिकारी जहाजपुर जिला शाहपुरा

क्रमांक/रीडर/2024/43/2024 दिनांक- 03/04/2024

निमित्त-

तहसीलदार जहाजपुर

विषयः— प्र.सं. 43 / 2024 अनवान उगमा पुत्र जेता मीणा निवासी मैंलवा, कोयली पत्नी स्वरूपा मीणा निवासी मेलवा, देवराज पुत्र स्वरूपा मीणा निवासी मेलवा, प्रियंका पुत्री स्वरूप मीणा निवासी मैंलवा, बलदेव पुत्र प्रताप मीणा निवासी मेलवा, लाला पुत्र प्रताप मीणा निवासी मैंलवा, हेमराज पुत्र जेता मीणा निवासी मैंलवा, कमलेश देवी पत्नी रामलाल मीणा निवासी बाग की झूपड़ियां बनाम सोजी उर्फ सेवा पुत्र पन्ना मीणा निवासी बाग की झूपड़िया, राजकुमार पुत्र नन्दलाल मीणा निवासी मेलवा, पिंकी पुत्र राजकुमार मीणा निवासी मैंलवा, मीरा पत्नी नन्दलाल मीणा निवासी मैंलवा, गोपाल पुत्र श्रवण मीणा निवासी मैंलवा, रतन पुत्र श्रवण मीणा निवासी मैंलवा, नन्दू पत्नी श्रवण मीणा निवासी मेंलवा, तहसीलदार जहाजपुर की पत्थरगढ़ी की पालना करने बाबत ।

———

उपरोक्त विषयांकित उनवान के प्रकरण में ग्राम मैंलवा प.ह. किशनगढ़ आराजी सं. 142, 105, 110, 139 कुल किता 04 रकबा 1.2060 हेक्टेयर भूमि की उभयपक्षों की उपस्थिती में पत्थरगढ़ी करने हेतु भू- अभिलेख निरीक्षक खजूरी को कमीश्नर नियुक्त किया जाता है। कमीश्नर फीस 1000 रूपये तय किए जाते हैं जो प्रार्थी मौके पर अदा करेगा, उनमें से 100 रूपये राजकोष में जमा करावे । **पत्थरगढ़ी के दौरान किसी भी पक्ष के कब्जे को प्रभावित नहीं किया जावें। तहसीलदार जहाजपुर को प्रतिवादीगणो को जरिये नोटिस / समन भेजकर उभयपक्ष की उपस्थिति में पत्थरगढ़ी के आदेश दिये जाते है** । पालना रिपोर्ट 15 योम में पेश करे।

उपखण्ड अधिकारी
जहाजपुर जिला शाहपुरा

Scanned with CamScanner